Years 1920-2020

University of Lucknow | Centenary Year

लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

# University in News on 29 April 2020

## HINDUSTAN Page 5

# एलयू : वेबनार दो मई को

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से ई लर्निंग को लेकर वेवनार का आयोजन किया जा रहा है।

ई लर्निंग : समय की मांग विषयक इस वेबनार का उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय करेंगे। दोपहर दो बजे से शुरू होने वाले इस वेबनार के लिए मंगलवार से पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राय ने बताया कि पंजीकरण शुरू होने के 30 मिनट में ही 150 से ज्यादा लोगों ने इसमें शामिल होने के लिए अपनी इच्छा जताई है।

## RASHTRIYA SAHARA Page 5

# सरकार के निर्णय के बाद होगी आगे की कार्यवाही : प्रो. आलोक



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय का कहना है कि वह लोग 3 मई के लॉकडाउन के खुलने का इंतजार कर रहे है। परीक्षा और नए सत्र के एडमिशन के लिए राजभवन द्वारा वनाई गई कमेटी की वैठक में वह तीन-चार वाढ़ भाग ले चुके हैं तथा वह अपना मंतव्य भी कमेटी को दे चुके है। उन्होंने कहा कि कमेटी छात्रों के हितों के लिए मंथन कर रही है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रदेश सरकार के निर्णयों के अधीन है सरकार के निर्णय के वाद वह लोग आगे की कार्यवाही करेंगे।

## JANSANDESH TIMES Page 2

# मुस्कुरायेगा इण्डिया कार्यक्रम की बढ़ती विश्वसनीयता

### राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से शुरू किया गया था अभियान

**जनसंदेश न्यूज**



लखनऊ। कोविड-19 महामारी के बीच जनहित एवं राष्ट्रसेवा के संकल्प को लेकर राष्ट्रीय सेवा योजना की पहल पर शुरू किया गया कार्यक्रम मुस्कुरायेगा इण्डिया जनता के बीच दिनों-दिन अपनी विश्वसनीयता बढ़ाता जा रहा है।

राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राकेश द्विवेदी ने बताया कि उपर्युक्त कार्यक्रम का प्रारम्भ लगभग एक माह पूर्व जिले में 10 कार्यक्रम अधिकारियों को लेकर प्रारम्भ किया गया था। औपचारिक प्रशिक्षण के पश्चात इन कार्यक्रम अधिकारियों/कॉउंसलर्स का मुख्य कार्य जनता में कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सही जानकारी का प्रसार करना, संकट की स्थिति में मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य बनाये रखने के उपाय तथा आवश्यक दैनिक आवश्यकता के सामान की उपलब्धता हेतु उचित मार्गदर्शन करना था। शुरूआती कुछ ही दिनों में न केवल लखनऊ बल्कि उत्तर प्रदेश के अन्य जिले तथा दूसरे प्रदेशों से एवं अन्य देशों से इस संदर्भ में मदद प्राप्ति हेतु संपर्क किया गया। डॉ. राकेश द्विवेदी ने बताया कि आवश्यकता को देखते हुए बाद में 8 अन्य प्रशिक्षित कार्यक्रम अधिकारियों/कॉउंसलर्स को इस कार्यक्रम में शामिल किया गया था। जनता के बीच में इनकी बढ़ती माँग और विश्वसनीयता के मद्देनजर दो और प्रशिक्षित कार्यक्रम अधिकारियों /काउंसलर्स को इस कसर्यक्रम मे जोड़ा गया है, जिसमें डॉ. अलका मिश्रा, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, लविवि और डॉ शाहीन खान, कार्यक्रम अधिकारी, करामत महिला महाविद्यालय शामिल हैं।